गंगूबाई काठियावाड़ी

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के मंच परिदृश्य एक संवाद आत्म चिंतन पर दिन गुरुवार दिनांक 13 मार्च 2022 को ऑफलाइन ही स्मार्ट क्लास के माध्यम से विभाग के विद्यार्थियों को एक फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी दिखाया गया। फिल्म भारतीय समाज और राजनीति के परिपेक्ष मैं बहुत ही महत्वपूर्ण था जो राजनीति विज्ञान कि छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। गंगूबाई के प्रेमी द्वारा उसे कमाठीपुरा लाया गया और उसे वेश्यालय में भेज दिया गया, कमाठीपुरा की अन्य 4000 महिलाएं की तरह गंगूबाई बदनाम गली से बचने में विफल रहती है और साथी आशाओं और आकांक्षाओं को छोड़ देती है और उस वेश्यालय को विशेषता पूर्वक स्वीकार कर लेती है और बाद में धीरे-धीरे वहां माफिया रानी बन जाती है। जो बाद में वेश्यावृत्ति और यौन कर्मियों के बुनियादी कानूनी अधिकारों के लिए लड़ने वाली एक समाजिक योद्धा बन जाती है। यह फिल्म यह दर्शाता है कि समाज में वेश्यावृत्ति से पीड़ित महिलाओं एवं उनके बच्चों को भी समाज में वह समानताएं ,अधिकार मिलनी चाहिए जो समाज के साधारण नागरिक को मिलता है। इस तरह यह फिल्म समाज के बीच पीड़ित स्त्रियों की संघर्षपूर्ण जीवन को लोगों के समस्त प्रस्तुत करती है।फिल्म की चर्चा सामूहिक रूप से स्मार्ट बोर्ड कक्षा में कक्षा शिक्षक अकाश तंवर की उपस्थिति में किया गया।